# फ्लेगशिप कार्यक्रमों व बजट घोषणाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन : कटारिया

**बीकानेर,**(कासं)। कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री लालचंद कटारिया ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राज्य के 28 फ्लेगशिप कार्यक्रमों, बजट घोषणाओं, नहरबंदी के दौरान जिले में पेयजल आपूर्ति, बिजली और सड़क सहित विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की।

कटारिया ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से वंचित, गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति को संबल प्रदान करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पात्र लोगों तक इन योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए अधिकारी-कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। योजनाओं की जानकारी निचले स्तर तक पहुंचाई जाए।



बीकाने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री लालचंद कटारिया ने शुक्रवार को फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- **नहरबंदी के मद्देनजर जल भंडारण की स्थिति जानी और उपलब्धता के आधार पर प्रभावी पेयजल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

प्रभारी मंत्री ने कहा कि गर्मी के मौसम और नहरबंदी के मद्देनजर जिले में पेयजल की सुचारू आपूर्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए। स्वीकृत ट्यूबवैल तुरंत प्रभाव से खुदवाए जाएं। इसके लिए विभागीय अधिकारी और ठेकेदार बेहतर समन्वय रखें। उन्होंने नहरबंदी के मद्देनजर जल भंडारण की स्थिति जानी और उपलब्धता के आधार पर प्रभावी पेयजल वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जाए। टैंकर के लिए निर्धारित से अधिक राशि नहीं वसूली जाए। इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि पीने के पानी को लेकर आमजन को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

कृषि मंत्री ने जिले में लम्बित विद्युत कनेक्शन की स्थिति जानी और किसानों को बिजली कनेक्शन समय पर देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवश्यक सामग्री की डिमांड विभाग स्तर पर की जाए। उन्होंने जिले में खाद, बीज, यूरिया, डीएपी की उपलब्धता की जानकारी ली। जिले में जैविक खेती के लिए पंजीकृत किसानों, बीज वितरण की जानकारी लेते हुए उन्होंने फार्म पोंड, डिग्गी आदि के बकाया प्रकरणों में समयबद्ध भुगतान के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने जिले के सभी उपखंडों में पशु चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में इसकी कालाबाजारी नहीं हो। इसके लिए अधिकारियों की टीमें नियमित निरीक्षण करें। आवश्यकता के अनुसार चारा डिपो खोले जाएं। उन्होंने इंदिरा रसोई की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि जरुरतमंद को इंदिरा रसोई का लाभ मिले। भोजन की गुणवत्ता बनाये रखने के लिए अधिकारी नियमित निरीक्षण करें। क्वालिटी से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए।

इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट योजना की प्रगति पर असंतोष जताते हुए उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य कम आय वर्ग वाले व्यक्ति को सहायता प्रदान कर स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना है। जिले में 20 हजार के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 11 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 900 प्रकरणों में ही ऋण वितरण किया गया है। प्रभारी मंत्री ने शुद्ध के लिए युद्ध, निरोगी राजस्थान, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाए।

कृषि मंत्री ने बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी घोषणाओं की स्टेटस रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी घोषणाएं समयबद्ध पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लूणकरनसर विधायक सुमित गोदारा ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के क्रियान्वयन की सराहना करते हुए कहा कि आमजन को इसका अविलम्ब लाभ मिले तथा जरूरतमंद को कहीं भटकना नहीं पड़े। इसके मद्देनजर जिला स्तर पर कॉर्डिनेशन सेल गठित की जाए।

प्रभारी सचिव आलोक गुप्ता ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य योजनाओं के पात्र लोगों को आवेदन के लिए दफ्तर नहीं आना पड़े, इसके लिए विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता रखते हुए उस तक पहुंचे। कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि चिरंजीवी योजना में जिला दूसरे स्थान पर है।

## पूर्वोत्तर राष्ट्रीय नाट्य समारोह आज से शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रंखला में भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा 14 से 18 मई तक पूर्वोत्तर राष्ट्रीय नाट्य समारोह आयोजित किया जायेगा।

इसके तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के चार नाटकों एवं एक स्थानीय नाटक का मंचन रविन्द्र रंगमंच में आयोजित होगा। पांच दिवसीय समारोह के आयोजन में जिला प्रशासन, नगर विकास न्यास और लोकायन संस्थान का सहयोग रहेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह शनिवार सायं 7 बजे होगा। केन्द्रीय संस्कृति एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि तथा जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल विशिष्ट अतिथि होंगे। अध्यक्षता राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक प्रो. रमेश चन्द्र गौड़ करेंगे।

समारोह के पहले दिन शनिवार को रबिजिता गोगोई द्वारा निर्देशित नाटक ऐंटिगनी मेनिया 15 मई को भास्कर बरुआ द्वारा निर्देशित नाटक केकोनी 16 मई को गुनामुनी बरुआ द्वारा निर्देशित नाटक मॉनो उन्थ मुखोर हदोय, 17 मई को स्थानीय संस्थान आशपुरा नाट्य एवं कला संस्थान द्वारा कृष्ण कुमार बिस्सा द्वारा निर्देशित रम्मत नोटंकी सहजादी खेला जायेगा।

अंतिम दिन 18 मई को भास्कर ज्योति बोरा द्वारा निर्देशित जॉयमति खेला जायेगा। इस नाट्य समारोह के संयोजन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के वाराणसी केन्द्र के निदेशक राम बाली होंगे। समारोह के पोस्टर का विमोचन शुक्रवार को किया गया।

## सार-समाचार

### शिविर में 28 रोगियों का उपचार किया



**हनुमानगढ़,** (कासं)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ कार्यक्रम (एनएमएचपी) के अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशानुसार जिला मानसिक स्वास्थ्य इकाई हनुमानगढ़ द्वारा पीएचसी परलीका में एक दिवसीय मनोरोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओ. पी. सोलंकी मनोरोग विशेषज्ञ, जिला परिषद सदस्य दीपचंद बेनीवाल, समस्त पीएचसी स्टॉफ, तम्बाकू प्रकोष्ठ से निपेन शर्मा, त्रिलोक शर्मा ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगों से संबंधित मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निपेन शर्मा ने तंबाकू एवं इससे बने पदार्थों के सेवन नहीं करने के लिए जागरुक किया। शिविर में आए 28 मरीजों का उपचार किया एवं मरीजों को दवा वितरण की। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देशानुसार कैम्प के बाद जिला नोडल अधिकारी डॉ. ओ. पी. सोलंकी द्वारा समस्त पीएचसी स्टॉफ का 30 मिनट का काउंसलिंग सेशन लिया, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा की गई।

### पानी की सप्लाई लाइन बदलने का विरोध

**बीकानेर,**(कासं)। सुजानदेसर में पानी की टंकी का सप्लाई जो अभी गंगा रेजिडेंसी को जोड़ा जा रहा है। इससे सुजानदेसर के हिस्से का पानी और सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा जायेगी। इस बात को लेकर पूरे गांव में रोष है। क्योंकि अकेली गंगा रेजिडेंसी में 1000 से अधिक मकान व फ्लेट है। इतनी आबादी जो 300 साल से अधिक से बसा हुआ सुजानदेसर है उसकी भी नहीं है। सुजानदेसर क्षेत्र पानी की सप्लाई से पहले से ही संतुष्ट नहीं है। पानी की कमी के बावजूद इतनी बड़ी मात्रा में गंगा रेजिडेंसी को अगर जोड़ दिया जाए तो पूरी तरह से व्यवस्था लड़खड़ा सकती है। क्योंकि सुजानदेसर गंगाशहर टंकी की सप्लाई आसपास के कई इलाके कवर करती है। सालम नाथद्वारा, चौपड़ा बड़ी सुजानदेसर के सभी मोहल्ले किसमीदेसर ऐसे में किसी भी हाल में इस सप्लाई को गंगा रेजिडेंसी से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। अगर जोड़ा गया तो भारी विरोध का सामना करना पड़ेगा। इसको लेकर के सोमवार को जिला कलेक्टर व मंत्रियों से भी मिलना होगा।

### फोन करते ही आकर रक्तदान किया




**बीकानेर,** (कासं)। तेरापंथ युवक परिषद गंगाशहर के अध्यक्ष विजेन्द्र छाजेड़ ने बताया कि रक्तदान महादान होता है व रक्त की कमी को रक्त देकर ही पूरा किया जा सकता है। युवा गौरव डागा ने रक्तदान करके सेवा कार्य किया। इससे पूर्व सुशील पारख ने तेयुप गंगाशहर मंत्री देवेन्द्र डागा को सूचित किया कि इन्द्र चन्द बोथरा गंगाशहर निवासी को कोठारी हॉस्पिटल बीकानेर में 1 यूनिट रक्त की तत्काल आवश्यकता है। टीम तेयुप गंगाशहर ने तुरन्त प्रभाव से ब्लड डोनेशन ऑन कॉल अभातेयुप के विशिष्ट आयाम को साकार किया। इस अवसर पर रक्तदान समन्वयक महावीर फलोदिया ने कहा कि टीम तेयुप आवश्यकता होने पर सेवा के अनेक कार्यों में सक्रियता के साथ संलग्न रहती है।

### 80 किलो डोडा-पोस्त सहित दो गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (कासं)। सदर पुलिस ने अवैध नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 15 एसजीआर की रोही में आशीष होटल के पास 80 किलो अवैध डोडा पोस्त सहित दो जनों को गिरफ्तार किया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त एक कार भी जब्त की है। सदर एसएचओ सुभाष बराला ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली की आशीष होटल के पास कार में सवार अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। इस पर टीम ने मौके पर दबिश दी तो कार पर सवार युवकों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने कार का पीछा कर रुकवा कर तलाशी ली तो कार से अवैध डोडा पोस्त बरामद हुआ। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम सुनील कुमार (23) पुत्र गणपतराम विश्नोई निवासी जांभा व हेतराम (33) पुत्र मानाराम विश्नोई निवासी भोजासर जिला जोधपुर का रहने वाला बताया। पुलिस ने आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि डोडा पोस्त जोधपुर क्षेत्र से लेकर आये थे। जसको श्रीगंगानगर क्षेत्र में बेचने के लिए जा रहे थे। मामले की जांच राजियासर एसएचओ पवन कुमार को सौंपी गई है।

### भाखड़ा में 700 क्यूसेक पानी चलाया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। सरहिंद फीडर का कॉमन बैंक क्षतिग्रस्त होने की वजह से राजस्थान फीडर के माध्यम से आ रहे पानी को भाखड़ा नहर में चलाया जा रहा है। जल संसाधन खंड हनुमानगढ़ के एक्सईएन सुरेश सुथार ने बताया कि भाखड़ा नहर में 700 क्यूसेक पेयजल के लिए चलाया गया। यह पानी आरडी 496 पर पौंड लेवल मेनटेन होने तक चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभी पेयजल के लिए ही पानी चला रहे हैं।

# पानी पाकिस्तान जाने से रोकने को कलेक्ट्रेट पर डटे किसान

- **किसान सिंचाई के लिए पानी लिए बिना नहीं लौटेंगे , कलेक्टर से बातचीत में भी नहीं निकला कोई हल**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सतलुज नदी में जमा गंदा पानी पाकिस्तान जाने से रोकने और इसे सिंचाई के लिए किसानों को देने की मांग पर किसान शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पर आ डटे। इन किसानों का कहना था कि सरकार के पास ऐसे कोई आदेश ही नहीं है जिसके तहत नहरबंदी ली जाए।

एनजीटी यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने नहरें बंद करने का आदेश नहीं दिया है। एनजीटी ने इस पानी का निस्तारण करने को कहा है। प्रशासन एनजीटी के आदेश की आड़ में नहरबंदी लेकर किसानों को नुकसान पहुंचा रहा है। किसानों ने मांगों के संबंध में शुक्रवार को प्रशासन ठप करने की चेतावनी दी थी। किसानों का कहना था कि पहले भी गंगनहर में नहरबंदी हो चुकी है। उस समय तो किसानों ने किसी तरह से काम चलाया लेकिन अगर अब नहरबंदी होगी तो नरमा, ग्वार, मूंग आदि की फसलों को खूब नुकसान होगा। माकपा के जिला सचिव श्योपत मेघवाल ने कहा कि पिछले दिनों हम लोगों ने नहरों में गंदे पानी को लेकर प्रदर्शन किया था। तब प्रशासन ने यह दावा किया कि यह पानी पीने योग्य है। आज जब हम सतलुज नदी में जमा गंदा पानी सिंचाई के लिए मांग रहे हैं तो इसे अनुपयोगी बताया जा रहा है।

किसानों ने जिला प्रशासन से वार्ता की लेकिन इसमें कोई नतीजा दोपहर तक सामने नहीं आया। वार्ता में पूर्व विधायक हेतराम बेनीवाल, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह संधू, माकपा के जिला सचिव श्योपत मेघवाल और कुछ अन्य किसान नेता शामिल हुए। इन किसान नेताओं का कहना था कि जिला प्रशासन के पास इस बात का जवाब नहीं है कि नहरबंदी किस अधिकारी के आदेश से ली जा रही है। उनका कहना था कि जब तक सरकार पाकिस्तान की ओर पानी छोड़ने का फैसला वापस नहीं लेगी किसान घरों को नहीं लौटेंगे।

सतलुज नदी में जमा कैमिकल युक्त कुछ गंदे पानी को निकालने और नहरों में क्वालिटी वाला पानी देने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने आदेश दिए थे। सरकार ने इस पानी को पाकिस्तान की ओर निकालने का फैसला किया और इसके लिए बीस मई तक सात दिन की नहरबंदी लेने का तय किया गया।

## रेलवे ट्रैक पर शव मिला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के जैतसर कस्बे में शुक्रवार को एक व्यक्ति का शव रेल ट्रैक पर मिला। उसके गुरूवार रात या शुक्रवार अल सुबह किसी ट्रेन की चपेट में आने की आशंका जताई जा रही है।

हालांकि शुक्रवार सुबह ग्यारह बजे तक उसकी पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने शव को जैतसर के सरकारी अस्पताल में रखवा दिया। युवक कहां का रहने वाला है, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। जैतसर कस्बे से होकर रात करीब साढ़े आठ बजे बीकानेर से श्रीगंगानगर होते हुए दिल्ली सराय रोहिल्ला को जाने वाली ट्रेन गुजरती है। इसके बाद सुबह करीब साढ़े छह बजे श्रीगंगानगर से सूरतगढ़ ट्रेन इसी ट्रैक से जाती है। इस बीच कोई ट्रेन नहीं होने से आशंका जताई जा रही है कि हादसा रात साढ़े आठ बजे या अल सुबह करीब साढ़े छह बजे हुआ है। गांव बुगिया और जैतसर के बीच समाज कल्याण हॉस्टल के पास यह हादसा हुआ।

# लोक परिवहन की बस व बोलेरो कैम्पर में भिड़ंत, पांच जने घायल

- **पहली दुर्घटना मुकाम व टोल नाके के पास हुई, बस व बोलेरो में भिड़ंत**
- **वहीं कुदसू के पास दो बाइकों में टक्कर हो गई**

**नोखा,** (कासं)। नोखा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सात व्यक्ति घायल हो गए। जिनमें 6 को गंभीर अवस्था में बीकानेर पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। वहीं एक व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई।

पहली दुर्घटना मुकाम व टोल नाके के पास हुई। जहां लोक परिवहन की बस व बोलेरो कैम्पर में भिड़ंत हो गई। इस दौरान कैम्पर में सवार पांच व्यक्ति घायल हो गए। जिनमें घायल जसरासर निवासी रामनिवास बिश्नोई, काकड़ा निवासी अनिल बिश्नोई, विष्णुदत्त बिश्नोई, ओमप्रकाश बिश्नोई, प्रकाश बिश्नोई को बीकानेर रैफर किया गया।

वहीं दूसरी दुर्घटना कुदसू के पास दो बाइकों के बीच टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाईकिल सवार कुदसू निवासी रामरतन बिश्नोई को गंभीर रूप से घायल होने पर बीकानेर रैफर कर दिया गया। वहीं दूसरे सवार धरनोक निवासी पप्पूसिंह को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर नोखा थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ नोखा की बागड़ी अस्पताल पहुंचे व घायलों की जानकारी ली। पार्षद देवकिशन चांडक ने घायलों को एम्बुलेंस से बीकानेर रवाना किया।

# कांग्रेस के चिंतन शिवर का मतलब गांधी परिवार से शुरू, गांधी परिवार पर ही खत्म : डॉ. पूनिया

## 'सोनिया गांधी को गहलोत सरकार के कुशासन की हकीकत राजस्थान के लोगों से जाननी चाहिये'

- **'शिविर में सोनिया गांधी राजस्थान के किसानों की कर्जमाफी का वादा पूरा करने का अशोक गहलोत से ऐलान करवाएं'**

**जयपुर**। कांग्रेस चिंतन शिविर में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिये बयानों पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने पलटवार कर कहा कि कांग्रेस के चिंतन शिविर में वही रटी-रटाई बातें जिनसे गांधी परिवार खुश होता है, और परिवारवाद इस कदर हावी है कि पूरी कांग्रेस गांधी परिवार के सामने नतमस्तक है, इससे आगे कांग्रेस की कोई सोच नहीं है, ना कोई विजन है, सिर्फ परिवारवाद की राजनीति के इर्द-गिर्द ही कांग्रेस सिमट गई है।

परिवारवाद, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार इत्यादि के कारण ही कांग्रेस पूरे देश से सिमट चुकी है, केवल राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बची है, इन दो राज्यों से भी आने वाले चुनावों में कांग्रेस मुक्त हो जायेगी। कांग्रेस के चिंतन शिवर में सोनिया गांधी कह रही है कि अल्पसंख्यकों तुष्टिकरण की राजनीति हो रही है, क्या सोनिया गांधी को यह पता नहीं है कि कांग्रेस सरकार के शासन में करौली, जोधपुर, भीलवाड़ा, भरतपुर और नोहर में हिंसा भड़की, कोटा में पीएफआई की रैली को इजाजत किसने दी, क्या सोनिया गांधी को प्रदेश में बहुसंख्यकों पर अत्याचार नहीं दिखते?

इन क्षेत्रों में हिंसा पीड़ितों से मिलने आज तक अशोक गहलोत नहीं गये, हिंसा करने वाले लोगों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई, सरकार सिर्फ लीपापोती कर रही है, एक पक्ष के दोष को छुपाने के लिये दूसरे पक्ष के लोगों को फंसाया जा रहा है, ऐसा कांग्रेस तुष्टिकरण कर वोट बैंक के लिये कर रही है। आजादी से लेकर 50-55 वर्षों तक अल्पसंख्यकों को कांग्रेस ने सिर्फ वोट बैंक तक ही सीमित रखा, इनके विकास व संबल के लिये अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पिछले 8 वर्षों से मोदी सरकार में कार्य हो रहे हैं। सोनिया गांधी को कांग्रेस के चिंतन शिविर से कोई संदेश देना है तो अशोक गहलोत को कहें कि किसान कर्जमाफी का वादा पूरा करें।

अशोक गहलोत को याद रखना चाहिये कि योजनाओं को लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिये केन्द्र की मोदी सरकार जमीन पर कार्य कर रही है, वहीं आपने तो किसानों व युवाओं से वादाखिलाफी की है, तो आपके पास जनता को बताने के लिये कुछ है ही नहीं, और जनता 2023 में प्रदेश से कांग्रेस को हमेशा के लिये विदा करने को अभी से तैयार बैठी है।

## गांधी परिवार के खत्म होते अस्तित्व की चिंता तक सीमित रहा : चतुर्वेदी

**जयपुर**। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी ने कांग्रेस पार्टी के आयोजित चिंतन शिविर के बारे में कहा कि देश के महत्वपूर्ण विषयों के चिंतन की बजाय गांधी परिवार की चिंता प्रमुखता से शिविर में हावी रही। शिविर जिन अपेक्षाओं को लेकर शुरू किया गया जिसमे देश व प्रदेश की जनता को निराशा हाथ लगी, अपेक्षाओं के उलट शिविर में राजस्थान में जिस प्रकार से योजनाबद्ध तरीके से बहुसंख्यक वर्ग के अधिकारों का हनन, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों पर हिंसा और करौली, जोधपुर, छाबड़ा व भीलवाड़ा जैसी घटनाओं पर मुख्यमंत्री का स्वंय आगे आकर यह बयान देना कि प्रदेश में कही दंगा नहीं हुआ। प्रदेश के युवा, महिला, किसान, बेरोजगार की अपेक्षा पर कुठाराघात हुआ साथ ही प्रदेश की बहन-बेटियों से दुष्कर्म पर कांग्रेस के आला नेताओं के द्वारा जिक्र नही करना कांग्रेस की जनता के प्रति चिंता दर्शाता है। चतुर्वेदी ने बताया कि एक बार फिर कांग्रेस के नेताओं में गांधी व नोन गांधी का भेद स्पष्ट नजर आया।

## बिना लाइसेंस कैसे चल रहे हैं डॉग ब्रीडिंग सेंटर्स : हाईकोर्ट

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय और राज्य के प्रमुख पशुपालन सचिव, डीएलबी, नगर निगम, औषधि नियंत्रक और विधि आयोग सहित अन्य को नोटिस जारी कर पूछा है कि प्रदेश में बिना लाइसेंस डॉग ब्रीडिंग सेंटर्स कैसे चल रहे हैं। इसके साथ ही अदालत ने यह भी पूछा है कि कुत्तों की दो नस्ल के बीच क्रॉस ब्रीडिंग करवाकर नई नस्ल तैयार करने को रोका क्यों नहीं जा रहा है।

जस्टिस प्रकाश गुप्ता और जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश ह्यूमन सेटलमेंट टेक्नोलॉजी सेंटर की जनहित याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता नीरजा खन्ना ने अदालत को बताया कि शहर में करीब अस्सी हजार आवारा कुत्ते घूम रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में कुत्ते के काटने की आठ हजार से अधिक घटनाएं हुई हैं। यानी रोजना करीब बीस लोगों को कुत्तों ने काटा था। जबकि दूसरी ओर नगर निगम में सिर्फ 518 कुत्तों का की पंजीकरण है।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी कमी आई

## राज्य में शुक्रवार को 70 नए संक्रमित मिले, इससे पहले 80 रोगी पाए गए थे

- **राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 49 नए मरीज पाए गए हैं।**
- **प्रदेश में पिछले 24 घंटों में 92 संक्रमितों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 616 रह गए है।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में शुक्रवार को करोना संक्रमण के मामलों में थोड़ी कमी आई है। इसके चलते राज्य में 70 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं इस बीच 92 मरीजों के ठीक होने के साथ एक्टिव केस घटकर 616 रह गए हैं।

प्रदेश में शुक्रवार को 12 जिलों में 70 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शनिवार को 80 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में थोड़ी वृद्धि के बाद 49 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा अलवर में 10, धौलपुर में 6, जोधपुर और चूरू में 3-3, अजमेर और उदयपुर में 2-2 तथा बीकानेर, दौसा, गंगानगर, झालावाड़ और कोटा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच 21 जिलों बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही और टोंक में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में शुक्रवार को रिकवरी में सुधार हुआ है। इस दौरान 92 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 616 रह गए हैं। हालाकि अभी सर्वाधिक 390 मामले राजधानी जयपुर में है। इसके अलावा धौलपुर में 100 मरीजों का इलाज चल रहा है। उधर प्रदेश में शुक्रवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालाकि अब तक इस बीमारी से राज्य में 9554 लोगों मृत्यु हो चुकी है।

### जगतपुरा में 5 नए संक्रमित मिले

राजधानी जयपुर में शुक्रवार को 24 स्थानों पर नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 5 नए मरीज जगतपुरा में पाए गए हैं। इसके अलावा जवाहर नगर में 4, गोपालपुरा, मानसरोवर, सोड़ाला और वैशाली नगर में 3-3 तथा बापू नगर, बरकत नगर, जौहरी बाजार, झोटवाड़ा, खातीपुरा, मालवीय नगर, मुरलीपुरा, पुरानी बस्ती, सांगानेर व शास्त्री नगर में 2-2 और अजमेर रोड, बगरू, सी-स्कीम, दुर्गापुरा, घाटगेट, एमडी रोड, टोंक रोड और विराट नगर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच जयपुर में 74 मरीज ठीक हुए हैं।

## 'हर्षोल्लास से मनाएं बुद्ध जयंती'

**जयपुर,** (का.सं.)। भगवान बुद्ध शिक्षा एवं समाज उन्नतीय संस्था की ओर से इस बार 16 मई को बैशाखी पूर्णिमा पर बुद्ध जयंती नये भवन के बजाय मालवीय नगर पर परम्परागत स्थल पर ही मनाई जायेगी। संस्था प्रधान राधेश्याम कोली ने बताया कि इसके बाद विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जायगा। इस कार्यक्रम को हर्षोल्लास से मनाएं। तथागत बुद्ध विचारों को अंगीकार कर परिवार को उन्नत, प्रगतिशील, संस्कारित, विज्ञानी बनाकर सुखहाल बनाया जा सकता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**जयपुर,** (का.सं.)। इस वर्ष की राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 मई शनिवार को राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों, उपभोक्ता मंचों एवं अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में किया है। राजस्थान उच्च न्यायालय, मुख्य पीठ, जोधपुर में न्यायाधिपति एम.एम. श्रीवास्तव, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति, राजस्थान उच्च न्यायालय, (मुख्य संरक्षक) एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 14 मई को प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया जावेगा। लोक अदालत में करीब 7.45 लाख मामलों में समझाइश होगी।

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर उप सचिव-प्रथम ने बताया की राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, में न्यायाधिपति अशोक कुमार गौड़, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय की अध्यक्षता में पदासीन न्यायाधिपति एवं सेवानिवृत्त न्यायाधिपति, राजकीय महाधिवक्ता एवं अतिरिक्त महाधिवक्तागण, राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशान के अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं रालसा के पदाधिकारी, पक्षकारगण एवं कर्मचारीगण की मौजूदगी में 14 मई को प्रातः 10 बजे राजस्थान उच्च न्यायालय (न्यू बिल्डिंग) के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

इस बार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में टोंक जिले में मोटर वाहन दुर्घटना दावा मामलों के लिए विशेष अभियान चलाया गया है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के परिसर में बीमा कम्पनी के स्थानीय स्तर के

# मेघवाल ने लखुवाली हैड पर आईजीएनपी में रिलाइनिंग कार्य का जायजा लिया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। आपदा प्रबंधन एवं सहायता, प्रशासनिक सुधार और समन्वय, सांख्यिकी विभाग एवं नीति निर्धारण प्रकोष्ठ तथा जिला प्रभारी मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने शुक्रवार दोपहर इंदिरा गांधी मुख्य नहर के आरडी 68 लखुवाली हैड पर रिलाइनिंग कार्यों का जायजा लिया। जिला प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को रिलाइनिंग कार्यों में क्वालिटी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

मीडिया को संबोधित करते हुए मेघवाल ने कहा कि वे इस बात को लेकर मुख्यमंत्री का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हैं कि मुख्यमंत्री ने पिछले साल पंजाब जाकर वहां के मुख्यमंत्री से मिलकर रिलाइनिंग के ऐतिहासिक कार्य को अमलीजामा पहनाया। नहर बनने के बाद इंदिरा गांधी नगर में पिछले साल पहली बार पंजाब क्षेत्र में रिलाइनिंग का कार्य करवाया गया। पंजाब क्षेत्र में पिछले साल नहरबंदी कर 305 करोड़ की लागत से 23 किलोमीटर रिलाइनिंग का कार्य किया गया। इस साल पंजाब क्षेत्र में 53 किलोमीटर रिलाइनिंग का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार राजस्थान क्षेत्र में पिछले साल नहरबंदी के दौरान 175 करोड़ की लागत से 47 किलोमीटर और इस साल 250 करोड़ की लागत से 67 किलोमीटर रिलाइनिंग का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है।



हनुमानगढ़ जिला प्रभारी मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने अधिकारियों के साथ लखुवाली हैड पर रिलाइनिंग कार्य का जायजा लिया।

- मेघवाल ने कहा इस साल 250 करोड़ की लागत से 67 किलोमीटर रिलाइनिंग का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है
- इस नहर के रिलाइनिंग होने पर समस्याओं से निजात मिलेगी और कमांड एरिया भी बढ़ेगा, नोहर-भादरा के भी 28 गांवों को जोड़ा

मेघवाल ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर में 18 हजार क्यूसेक पानी स्वीकृत था। लेकिन नहर जर्जर होने के चलते 11-12 हजार क्यूसेक पानी ही मिल पा रहा था। इससे हमारी फसलें नष्ट होती थी। टेल के किसानों को पानी नहीं मिलता था। नहर से पानी के सीपेज होने से सेम की समस्या भी पैदा हो गई थी। लेकिन पश्चिम राजस्थान की इस जीवनदायिनी नहर के रिलाइनिंग होने से इन समस्याओं से हमें निजात मिलेगी। कमांड एरिया भी बढ़ेगा। हाल ही में नोहर-भादरा के भी 28 गांवों को जोड़ा गया है। पश्चिमी राजस्थान के लाखों लोगों को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

प्रभारी मंत्री ने पंजाब से आ रहे दूषित पानी को लेकर कहा कि इसको लेकर भी मुख्यमंत्री ने पंजाब के मुख्यमंत्री से बात की थी। पिछली बैठक में भी मुख्यमंत्री ने बूढ़ा नाले से आ रहे दूषित पानी को लेकर चिंता जाहिर की थी। पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री से उन्होंने बात करने और इसे रोकने का आश्वासन दिया था। मेघवाल ने हैड के गेटों को भी दुरुस्त करवाने की बात कही।

इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री के साथ भादरा विधायक बलवान पूनिया, जिला कलेक्टर नथमल डिडेल, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता (उत्तर) अमरजीत सिंह मेहरड़ा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल, शबनम गोदारा, प्रवीणा मेघवाल, पीआरओ सुरेश बिश्नोई, अधीक्षण अभियंता देवी सिंह बेनीवाल, रामसिंह, मनोज मांझू अधिशाषी अभियंता राजेन्द्र सिंह लखवी, रामाकिशन, सुख महेन्द्र सिंह समेत सिंचाई विभाग के अन्य अधिकारीगण व स्टॉफ मौजूद था।

## युवतियों को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। पंजाब नेशनल बैंक ग्राम्य स्वारोजगार प्रशिक्षण संस्थान, श्रीगंगानगर द्वारा वूमन टेलर्स का 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा।

श्रीगंगानगर क्षेत्र की बेरोजगार युवतियां जो सिलाई से संबंधित अपना व्यवसाय शुरु करके रोजगार से जुडना चाहती हैं। वे आरसेटी संस्थान में आवेदन करके प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती हैं। प्रशिक्षण हेतु आयु सीमा 18 से 45 वर्ष रखी गई है। ग्रामीण क्षेत्र की जो युवतियां बीपीएल धारक हो, नरेगा जॉब कार्ड धारक हो, खाद्य सुरक्षा की सुविधा लेते हो, सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना में सम्मिलित हो, अनत्योदय राशन कार्ड धारक हो, स्वयं सहायता समूह की सदस्य हो, प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी हो आदि लोगों को प्राथमिकता दी जायेगी। 30 दिवसीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को योग्य संकाय द्वारा सामान्य सिलाई, माप, लड़के व लड़कियों के लिए स्कूल ड्रेस बनाना, बेबीफ्रॉक, चूडीदार व पटियाला सलवार बनाना आदि के बारे में बताया जायेगा। इसके अलावा संस्थान के योग्य संकाय द्वारा बैंकिंग से संबंधित सभी जानकारी, वित्तीय साक्षरता की जानकारी व व्यवसाय में काम आने वाली दक्षताओं जैसे बाजार प्रबंधन, बाजार सर्वेक्षण, समय प्रबंधन, ग्राहक से व्यवहार आदि के बारे में बताया जायेगा।

## सार-समाचार

### कटारिया का कांग्रेसियों ने स्वागत किया



**बीकानेर,** (कासं)। अपने एक दिवसीय दौरे पर आये कृषि मंत्री व बीकानेर के प्रभारी मंत्री लालचंद कटारिया का सर्किट हाउस में कांग्रेसजनों ने किया स्वागत किया। पूर्व गृहमंत्री वीरेंद्र बेनीवाल, महेंद्र गहलोत, लक्ष्मण कड़वासरा, मदन गोपाल मेघवाल, युवा कांग्रेस नेता राहुल जादुसंगत, हनुमान चौधरी, डेयरी चेयरमैन नेपाराम जाखड़, मनोज मुंड, सलीम भाटी, सुनील चांवरिया आदि अनेक कांग्रेसजनों ने तिरंगे रंग की सूत की माला से स्वागत किया।

### प्रशासन गांवों के संग शिविर 16 को

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में पुनः प्रारम्भ हुए प्रशासन गांवों के संग अभियान के दौरान 16 मई को जिले की एक ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किया जायेगा। जिला कलेक्टर श्रीमती रूक्मणि रियार सिहाग ने बताया कि 16 मई को 24 एएससी मेंए 17 मई को 6 डीडी में तथा 18 मई को 59 जीबी रामसिंहपुर में शिविर आयोजित किया जायेगा। प्रशासन शहरों के संग अभियान नगर परिषद गंगानगर द्वारा 16ए 17 व 18 मई को वार्ड नम्बर 32 ए 33 व 34 के लिये आदर्श नगर पार्क में शिविर आयोजित होगा। 23 एवं 24 मई को वार्ड नम्बर 36 व 37 के लिये गांधी पार्क में शिविर आयोजित होगा। आयुक्त नगर परिषद ने बताया कि शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर स्थल के आसपास के नागरिक अपने भूखण्डों के पट्टों के अलावा विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र व स्थानीय निकायों से संबंधित कार्यों के लिये आवेदन कर सकेंगे। शिविर स्थल पर मौके पर ही निस्तारण योग्य कार्यों का समाधान किया जायेगा।

### आंगनबाड़ी में पढ़ेंगे श्रमिकों के बच्चे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के ईंट भट्टे पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से जोड़ने के लिए सिर्फ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नहीं बल्कि संबंधित पंचायत समितियों के विकास अधिकारियों की निगरानी में यह कवायद शुरू करनी होगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आईएएस मुहम्मद जुनैद की अध्यक्षता में यहां जिला परिषद सभागार में विकास अधिकारियों और सहायक अभियंताओं की संयुक्त बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। इस मौके पर सौंओ का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्र के जितने भी आंगनबाड़ी केन्द्र है। उसे मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र बनाने के लिए तीस मई तक संबंधित सुविधाएं पूरी हो। इसके अलावा उन्होंने विकास अधिकारी को एक एक नर्सरी विकसित करने का लक्ष्य दिया हैं। सीईओ का कहना है कि इस नर्सरी के बनाने और उसकी सार संभाल की जिम्मेदारी भी विकास अधिकारी को करनी होगी। विकास अधिकारियों को अपने अपने इलाके में संचालित ईंट भट्ठों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों के बारे में पूरा फीडबैक लेना होगा। तीन से छह साल आयु वर्ग के बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र से जोड़ने की इस कवायद को बीडीओ की देखरेख में पूरी की जायेगी। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना आदि की समीक्षा कर संबंधित कामकाज शुरू करने और बजट को दूर करने के निर्देश दिए।

### बकरी पालन का प्रशिक्षण दिया




**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के अंतर्गत कार्यरत पशु विज्ञान केन्द्र सूरतगढ़ द्वारा बकरी पालन एवं प्रबंधन विषय पर संस्थागत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. राजकुमार बेरवाल ने पशुपालकों को बकरियों के वैज्ञानिक प्रबंधन के साथ-साथ उनके आहार व्यवस्था एवं विभिन्न नस्लें जैसे मारवाड़ी, सिरोही, जखराना, बीटल, जमुनापारी की पहचान एवं विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। सर्दी एवं गर्मी के मौसम में बकरियों व छोटे मेमनों का किस प्रकार से प्रबंधन करना चाहिए के बारे में बताया। प्रशिक्षण शिविर में केन्द्र डॉ. अनिल घोड़ेला तथा डॉ. मनीष कुमार सेन ने बकरियों में टीकाकरण व कृमिनाशक दवाईयों के बारे में बताया और पशुपालकों को विभिन्न प्रकार की बकरियों की बीमारियां जैसे खुरपका, मुंहपका, बकरी माता, पीपीआर, फिडकिया, गलघोंटू आदि खतरनाक बीमारियों को विस्तार से समझाया। बकरियों में बांझपन और प्रबंध प्रजनन संबंधी समस्याओं के निवारण भी बताएं।

### तावणिया तहसील अध्यक्ष मनोनीत

**पीलीबंगा,** (कासं)। विप्र फाउंडेशन द्वारा गणेश तावनिया को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष अश्विनी पारीक ने प्रदेश अध्यक्ष भंवर पुरोहित की अनुमति एवं प्रदेश महामंत्री दिनेश दाधीच व जिला प्रभारी की अनुशंसा पर वर्ष 2022-24 के लिए गणेश तावनिया को पीलीबंगा तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष ने संगठन मजबूती सभी का सहयोग कर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का भरोसा दिलाया है।

# 18 ग्राम स्मैक व दो हजार नशे की गोलियों सहित

**सूरतगढ़,** (कासं)। सिटी पुलिस ने सूरतगढ़-अनूपगढ़ सड़क मार्ग पर मानकसर रोही में 18 ग्राम स्मैक व 2 हजार नशीली गोलियां सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी जब्त की है।

एसआई मोटाराम ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली की मानकसर रोही में कार में सवार युवक संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं। इस पर हैड कांस्टेबल जयपाल सिंह, कांस्टेबल ओमप्रकाश हुड्डा व नियामत अली ने मौके पर दबिश दी तो कार सवार युवकों ने भागने का प्रयास किया। इस पर टीम ने पीछा कर कार को रुकवा कर तलाशी ली तो कार से अवैध नशीली गोलियां व स्मैक बरामद हुई।

पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम अल्लारखा (25) पुत्र शाहिद खान निवासी से सेखड़ा पुलिस थाना रावला, हाल 12 किशनावाली ढाणी पुलिस थाना जैतसर व सलीम (21) पुत्र इमाम अली निवासी 12 किशनवाली ढाणी का रहने वाला बताया। पुलिस ने आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि गोलियां व स्मैक 12 किशनावाली ढाणी से लेकर आये थे, जो सूरतगढ़ क्षेत्र में बेचने की फिराक में घूम रहे थे।

- सूरतगढ़-अनूपगढ़ सड़क मार्ग पर मानकसर रोही में कार से बरामद
- भागने लगे तो पीछा कर पुलिस ने कार को रोका तो नशे का सामान मिला

**जेवर चोर गिरफ्तार, आभूषण बरामद :** नोखा पुलिस ने सोने चांदी के जेवरात चुराने वाले आरोपी मोहन वर्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से आभूषण बरामद कर लिए है व अन्य मामलों के बारे में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड ने बताया कि वार्ड नंबर 7 निवासी राजेन्द्र कुमार गर्ग ने 5 मई को नोखा थाने में सूचना देकर बताया कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे घर में से संदूक में से गहने चुराकर ले गया।

संदूक में कड़ला, झूमका, बींटी, बिच्छीया, पायजेब चोरी हो गए। जिस पर नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच नोखा एएसआई गोविंदसिंह को सौंपी गई है। जिस पर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हाल मोहनपुरा निवासी मोहन वर्मा, गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से चोरी जेवरात सोने जैसी धातु का झूमका, अंगूठी, चांदी जैसी धातु की अंगूठी एक, बिच्छिया 11 नग, बिच्छिया मय चैन तीन नग, एक छोटी मूर्ति, कड़ला दो नग बरामद किया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम में थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड, एएसआई गोविन्द सिंह, एससी शेरसिंह, कानि. गणेश गुर्जर, कानि. आत्माराम, कानि. बलबीर को सफलता मिली है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सत्यनारायण व्यास, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) के निर्देशानुसार श्रीगंगानगर न्यायक्षेत्र में 14 मई को वर्ष 2022 की द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीगंगानगर के सचिव गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया (एडीजे) श्रीगंगानगर ने बताया कि लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु समस्त जिले के लिये कुल 21 बैंच का गठन किया गया। राजस्व न्यायालयों की बैंच भी न्यायिक अधिकारीगण के साथ गठित की गई। 01 बैंच का गठन उपभोक्ता मंच के रूप में भी किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 17474 प्रकरण चिन्हित कर रखे गये हैं, जिनके निस्तारण हेतु पूर्व में संबंधित पक्षकारान को नोटिस भिजवाये जा चुके हैं।

तेनगुरिया (एडीजे) द्वारा आमजन से अपील की गई है कि इस लोक अदालत के अवसर का लाभ उठाने हेतु संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर अपने प्रकरण का राजीनामा से निस्तारण करवायें।

# बीकानेर में गर्मी से नहीं मिली राहत, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में गर्मी ने एक बार फिर रोद्र रूप दिखा दिया है। गुरूवार को जहां तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। वहीं अब शुक्रवार को भी गर्मी से कोई खास राहत नजर नहीं आई। न सिर्फ बीकानेर बल्कि संभाग के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में भी तापमान का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।

मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिन तक बीकानेर को लू से छुटकारा नहीं मिलने वाला है। लगातार तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहेगा। खासकर रविवार तक बीकानेर संभाग के चारों जिलों में गर्मी की तपन बढ़ने वाली है। गुरूवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा गर्म बीकानेर संभाग ही रहा, जहां श्रीगंगानगर का पारा 47.3 डिग्री सेल्सियस था तो बीकानेर का 47.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मई के महज तेरह दिन में ये दूसरा अवसर है, जब पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है।

मई में एक बार भी 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे पारा नहीं गया है।

- मई के महज तेरह दिन में ये दूसरा अवसर है, जब पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है

आमतौर पर बीकानेर जैसलमेर जिलों में रात में पारा कम हो जाता है और हवाएं ठंडी हो जाती है लेकिन इस बार तो ऐसा भी नहीं है। रात दस बजे तक भी सड़क पर चलने वाले दुपहिया वाहन चालक गर्म हवा के थपेड़ों से परेशान रहते हैं। वहीं गर्मी में छत पर सोने का मौसम भी नहीं बन रहा है। अभी बीकानेर को नौतपा का कहर भी सहन करना है।

माना जा रहा है कि 25 मई से नौतपा शुरू हो जायेगा जो जून के पहले सप्ताह तक चलेगा। ऐसे में बीकानेर में तापमान फिर से 47 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

# टैंकर वालों ने निर्धारित दर से अधिक वसूला तो होगी कार्रवाई

**बीकानेर,** (कासं)। गर्मी के मौसम और नहर बंदी के मध्यनजर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टैंकरों के माध्यम से पेयजल परिवहन के लिए दरों का निर्धारण किया गया है। यदि किसी टैंकर संचालक द्वारा इससे अधिक राशि की मांग की जाती है तो जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष 0151- 2226031 पर इसकी सूचना दी जा सकती है।

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि जलदाय विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र में प्रथम 5 किलोमीटर के लिए दर प्रति हजार लीटर 99 रुपये तथा 5 किलोमीटर से अधिक दूरी के लिए प्रति किमी. प्रति हजार लीटर के लिए 20 रुपये अतिरिक्त दर निर्धारित किए गई है। यदि कोई प्राइवेट टैंकर अधिक राशि वसूलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

- प्रति हजार लीटर 99 रुपये निर्धारित की गई

## कथा संग्रह 'स्मृति में परिवेश' का लोकार्पण कल

**बीकानेर,** (कासं)। मुक्ति संस्था बीकानेर के तत्वावधान में कथाकार अशोक रंगा के लघुकथा संग्रह 'स्मृति में परिवेश' का विमोचन 15 मई को प्रातः 11 बजे अजीत फाउंडेशन सभागार में होगा।

कार्यक्रम समन्वयक विष्णु शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवयित्री डॉ. वत्सला पांडे करेंगी। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि- कथाकार राजेन्द्र जोशी होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ लघु कथाकार के रूप में नदीम अहमद नदीम तथा हरिशंकर आचार्य मौजूद रहेंगे।

# एक्सपेरिमेंट के लिए पॉलिटिक्स में आया : कॉमेडियन ख्याली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। आम आदमी पार्टी के सदस्य और कॉमेडियन ख्याली ने कहा कि वे एक्सपेरिमेंट के लिए पॉलिटिक्स में आये हैं।

उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा कि अपने जीवन के शुरुआती संघर्षों से अब तक वे हर फील्ड में उम्मीद से ज्यादा सफलता हांसिल करते रहे हैं। शुरुआत श्रीगंगानगर जिले से की। यहां शुरूआती संघर्ष किए। एक मिल में काम किया तो प्रोडक्शन का पुरस्कार मिला। फिल्म इंडस्ट्री में ऑफर मिला तो वहां स्टैंडअप कॉमेडियन के रूप में सफलता मिलने के बाद फिल्म में भी काम मिला। अब सफलता के इसी दौर को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा हूं। पॉलिटिक्स में आकर एक एक्सपेरिमेंट किया है।

- आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने के सवाल पर बोले कि मेरा उद्देश्य चुनाव लड़ना नहीं, सेवा करना है

ख्याली ने कहा जब पॉलिटिशियन कॉमेडियन बनने लगे तो कॉमेडियन को सीरियस होना पड़ता है और उन्होंने भी ऐसा ही किया। अब वे सीरियस होकर लोगों की मांगें उठायेंगे।

इलाके में सतलुज का कैमिकल युक्त गंदा पानी पाकिस्तान की ओर छोड़ने के लिए नहरबंदी का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इस मांग पर किसान आंदोलन कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से उन्होंने भी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर ने पांच दिन की बंदी के बाद पानी शुरू कर देने का आश्वासन दिया है।

# सूरतगढ़ में रविशंकर के जन्म दिवस पर 112 यूनिट रक्तदान

**सूरतगढ़,** (कासं)। आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता गुरूदेव श्री श्री रविशंकर के अवतरण दिवस के अवसर पर महा रक्तदान शिविर का आयोजन ट्रोमा सेंटर राजकीय चिकित्सालय सूरतगढ़ में किया गया। जिसमें तपोवन ब्लड़ बैंक श्रीगंगानगर की टीम ने 112 यूनिट रक्त संग्रहित किया।

इस अवसर पर प्रशिक्षक सुखपाल सिंह, पुलिस उप अधीक्षक शिवरतन गोदारा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्ण सिहाग, टैगोर पी.जी. कॉलेज निदेशक डॉ. सचिन जेतली, विवेकानंद मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य बजरंग भादू, व्याख्याता राजेन्द्र छींपा, उमाशंकर बसंल सहित आर्ट ऑफ लिविंग सदस्य ने उपस्थित रहकर सेवाएं प्रदान की।

पुलिस उपअधीक्षक शिवरतन गोदारा, प्रशिक्षक सुखपाल सिंह ने बताया कि लीलाधर गुरनानी के सानिध्य में जी-हेल्प संस्थान के विद्यार्थियों ने एन.एस.एस. टैगोर




सूरतगढ़ में आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता रविशंकर के जन्मदिवस पर शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

पी.जी. कॉलेज टीम, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेश रिणवां सहित आर्ट ऑफ लिविंग सदस्यों ने रक्तदान किया। राजकीय चिकित्सालय के नर्सिंग ऑफिसर अनिल गोदारा ने ट्रोमा सेंटर में विशेष रक्तदान शिविर में व्यवस्थाएं प्रदान कर विशेष सहयोग प्रदान किया।

राजकीय चिकित्सालय, प्रधानाचार्य विजय भारद्वाज व इंजीनियर रमेश माथुर, रजनीश बेनीवाल का विशेष सहयोग रहा है।

## स्वास्थ्य मेले में दीपिका को मिली मुस्कान

**हनुमानगढ़,** (कासं)। कल तक जिस मासूम चेहरे को देखकर परिजनों को दर्द, मायूसी और चिंता की लकीरें उभर जाती थीं, आज वे खुशियों से दमक रहे हैं। यह संभव हुआ नोहर में 27 अप्रेल को आयोजित स्वास्थ्य मेले में। इस स्वास्थ्य मेले ने रामसरा गांव के दीनदयाल के परिवार को वह खुशी दी है, जिसे वे जिन्दगी भर नहीं भूल पायेंगे।

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि गांव रामसरा के रहने वाले पेशे से किसान दीनदयाल-लीलावती की पुत्री दीपिका का भी चैकअप 27 अप्रेल को नोहर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में किया था। स्वास्थ्य कैम्प में सीएचसी नोहर में कार्यरत जरनल सर्जन डॉ. जयपाल छीम्पा ने दीपिका की जांच की और बताया कि उसके कटे-फटे होठों का इलाज सीएचसी में ही हो सकता है। बच्ची की जन्मजात विकृति ऑपरेशन से बिल्कुल ठीक हो सकती है। डॉ. जयपाल छीम्पा ने गत 6 मई को दीपिका का सीएचसी नोहर में ऑपरेशन किया। बच्ची अब बिल्कुल स्वस्थ्य है और टांके खुलने के बाद वह सही हो जायेगी।

# छात्राएं अपने बेहतर भविष्य के लिये पढ़ें और आगे बढ़ें : कुन्नर

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजना के तहत शुक्रवार को जवाहर नगर स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल में स्कूटी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान 12वीं कक्षा में कला वर्ग स्टेट टॉपर गीता जयपाल सहित उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली अनुप्रिया मनप्रीत कौर, शीना आहूजा सहित 70 मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई। बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीकरणपुर विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर ने छात्राओं से खूब पढ़ने और आगे बढ़ने का आव्हान किया।

कुन्नर ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वर्तमान में हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही हैं। खूब मेहनत भी कर रही हैं इसलिये उन्हें हर क्षेत्र में सफलता मिल रही है। दूसरे इनसे प्रेरणा पाकर अपने जीवन में सफल हो सकते हैं। जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार सिहाग का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि छात्राएं और बेटियां इनसे प्रेरणा ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि जिले में कलेक्टर एडीएम, एसडीएम सहित अन्य प्रशासनिक पदों पर महिला अधिकारी कार्यरत हैं। यह महिलाओं की उतरोत्तर प्रगति का सर्वोत्तम उदाहरण है।

- 70 मेधावी छात्राओं को स्कूटी वितरित की गई

कुन्नर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा छात्राओं की पढ़ाई स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार सभी वर्गों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। जिन छात्राओं को स्कूटी मिली है, वे इसका सदुपयोग करें और आगे बढ़ते हुए परिवार देश-प्रदेश का नाम रोशन करें।

गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने भी स्कूटी प्राप्त करने वाली छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि मेधावी छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिये सरकार हर स्तर पर प्रयास कर रही है। इसलिये मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के बाद नया नारा दिया है कि बेटी बढ़ाओ। उन्होंने कहा कि जब बेटियां पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी तो समाज भी स्वतः ही बढ़ेगा। कन्या जन्म से लेकर उसके स्वास्थ्य शिक्षा विवाह सहित अन्य क्षेत्रों में बेटियों को आगे बढ़ाने के लिये सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का उदाहरण देते हुए गौड़ ने आव्हान किया कि आमजन सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें।

जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार सिहाग ने भी छात्राओं को सफलता के लिये शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परिवार में जब बेटी पढ़ती है तो उसके साथ-साथ एक पूरी पीढ़ी पढ़ पाती है। अपनी पड़नानी नानी और मां का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने बच्चों को आगे बढ़ाने में बहुत योगदान दिया।

